हज़ीरा संयंत्र में गौरवपूर्ण 70वाँ स्थापना दिवस समारोह

हज़ीरा संयंत्र में 14 अगस्त 2025 को ओएनजीसी की राष्ट्र की सेवा में समर्पित 70 अप्रतिम वर्षों की ऊर्जा यात्रा पूर्ण होने पर ओएनजीशियन्स ने पुनः संस्थान के प्रति सेवा और समर्पण का प्रण दोहराया। इन गौरवपूर्ण क्षणों का साक्षी बनने के लिए संयंत्र के कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

70वें स्थापना दिवस पर ओएनजीसी ध्वज फहराते कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक चन्द्रशेखर

इस स्वर्णिम दिवस का प्रारंभ कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक श्री चन्द्र शेखर द्वारा हज़ीरा संयंत्र के प्रांगण में ओएनजीसी ध्वज फहराने के साथ हुआ। जिसके पश्चात ओएनजीशियन्स ने ओएनजीसी प्रतिज्ञा लेकर संस्थान के प्रति अपनी वचनबद्धता को दोहराया। कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक श्री चन्द्र शेखर द्वारा हिन्दी में, समूह महाप्रबंधक-प्रधान (संक्रिया) राजीव गर्ग द्वारा अंग्रेजी में तथा आलंबन प्रबंधक सुशिम भट्टाचार्जी द्वारा गुजराती में ओएनजीसी प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

ओएनजीसी प्रतिज्ञा दिलवाते कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक चन्द्रशेखर (बाएँ) प्रतिज्ञाबद्ध हज़ीरा कार्मिक (दाएँ)

इस अवसर पर संयंत्र प्रबंधक महोदय ने ओएजीशियन्स को संबोधित करते हुए कहा कि ओएनजीसी की यह विकास यात्रा त्याग और समर्पण की महागाथा है। आज ओएनजीसी एक ऐसे प्रस्थान बिंदु पर है जहाँ अतीत से प्रेरणा लेते हुए हमें भविष्य की ओर देखना है। ओएनजीसी निरंतर ऊर्जा क्षेत्र में विविध आयामों को तलाश रही है। वर्तमान में ऊर्जा के एकांगी स्रोत के स्थान पर बहुमुखी ऊर्जा परिदृश्य की अनिवार्यता हमारे सामने खड़ी है और इस चुनौती को स्वीकारते हुए हमारे ऊर्जा सैनिक सतत प्रयत्नशील है।

श्री शेखर ने नवेन्मेष पर बल देते हुए युवा ओएनजीशियन्स से आह्वान किया कि वह अपनी ऊर्जा और उत्साह को रचनात्मक ढंग से संगठन के विकास के लिए लगाएँ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा डिजिटल तकनीक के युग में नया अन्वेषण करें।

इस अवसर पर उन्होंने विगत वर्ष में संयंत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए टीम हज़ीरा के प्रत्येक सदस्य को इन उपलब्धियों का कारक होने के लिए बधाई दी।

स्थापना दिवस अभिभाषण देते कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक चन्द्रशेखर

कार्यक्रम के अगले चरण में भूतपूर्व ओएनजीशियन्स के साथ एक संवाद सह मिलन सत्र का आयोजन किया गया जिसमें ओएनजीसी की नींव को सुदृढ़ करने वाली पीढ़ी के साथ संवाद किया गया। हज़ीरा

संयंत्र ने सभी भूतपूर्व ओएनजीशियन्स का भावपूर्ण स्वागत किया और संस्थान को इस मकाम तक पहुँचाने में उनके योगदान के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की ।

भूतपूर्व ओएनजीशियन्स का स्वागत करते मुख्य महाप्रबंधक-प्रधान(मा.सं.-का.सं.) सुजीत कुमार महापात्र

सबसे पहले मुख्य महाप्रबंधक-प्रधान(मा.सं.-का.सं.) सुजीत कुमार महापात्र ने समारोह में पधारे सभी वरिष्ठ ओएनजीशियन्स का स्वागत किया और समारोह में पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप नींव की वह ईंट हैं जिसकी बुनियाद पर संस्थान की इमारत खड़ी है। उन्होंने वर्तमान में हुए नीतिगत बदलावों से भी सेवानिवृत्त कार्मिकों को अवगत कराया।

अतीत और वर्तमान... भूतपूर्व संयंत्र प्रबंधक एस. के. पाठक का स्वागत करते वर्तमान संयंत्र प्रबंधक चन्द्रशेखर

इस अवसर पर संयंत्र प्रबंधक चन्द्रशेखर ने सभा में उपस्थित वरिष्ठ सेवानिवृत्त कार्मिकों का सम्मानपूर्वक अभिनंदन करते हुए संगठन के इस गौरवपूर्ण अध्याय में शामिल होने के लिए धन्यवाद प्रकट किया। श्री शेखर ने 70वें स्थापना दिवस अभिभाषण में उपस्थित जनसमूह को गत वर्ष की उपलब्धियों से परिचित कराते हुए विभिन्न क्षेत्रों में हज़ीरा संयंत्र द्वारा किए जा रहे कार्यों का का संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया।

सभा को संबोधित करते कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक चन्द्रशेखर

इसके पश्चात सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण समिति के सदस्य पी. के. गोयल ने सेवानिवृत्त कार्मिकों की ओर से ओएनजीसी को धन्यवाद दिया और संस्थान की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि ओएनजीसी के वरिष्ठ कार्मिकों के लिए संस्थान को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर देखना अत्यंत सुखद है। उन्होंने मानव संसाधन, वित्त विभाग तथा संयंत्र के चिकित्सकों का विशेष आभार प्रकट किया जो पूरी तत्परता से वरिष्ठ कार्मिकों की समस्याओं का निराकरण करते हैं।

सेवानिवृत्त कार्मिकों की ओर से संबोधन देते सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संगठन के सचिव पी. के. गोयल

ओएनजीसी स्थापना दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयंत्र के पीएम इंटर्न और प्रशिक्षुओं ने गणेश वंदना पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही गुजरात के लोकनृत्य गरबा और आदिवासी नृत्य डाकला की रंगारंग प्रस्तुति ने सभागार को करतल ध्वनि से गुंजित कर दिया। इस अवसर पर कॉलेज जीवन पर आधारित एक हास्य नाटिका भी मंचित की गई जिसने सभी को खूब हँसाया।

एनएपीएस प्रशिक्षु और पीएम इंटर्न द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में गणेश वंदना, लोकनृत्य गरबा और डाकला तथा हास्य नाटिका की प्रस्तुति

कार्यक्रम में संयंत्र की प्रतिभाओं ने भी सुंदर प्रस्तुति दी। अधीक्षक अभियंता (उत्पादन) रविशंकर पटेल ने अपनी मधुर आवाज में पुराने सदाबहार नगमों को गाकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया।

सदाबहार नगमे गाते कार्यकारी अधीक्षक अभियंता (उत्पादन) रविशंकर पटेल (बाएँ), कार्यक्रम का आनंद लेते श्रोतागण (दाएँ)

प्रबंधक (मानव संसाधन) सुगंधा पाटिल तथा सहायक संवर्ग-3 एस. विजया ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया।

मंच संचालिकाएं- प्रबंधक (मानव संसाधन) सुगंधा पाटिल तथा सहायक संवर्ग-3 एस. विजया

टीम हज़ीरा के सम्मिलित प्रयासों से 70वाँ स्थापना दिवस समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और गौरवशाली दिवस के साक्षी रहे सभी कार्मिकों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

- निगमित संचार, हज़ीरा